
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 12.09.2022 से 17.09.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# भारतीय मजदूर संघ, हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक

( दिनांक 12.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने सोमवार को भारतीय मजदूर संघए हरियाणा के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इस दौरान मजदूर संघ द्वारा रखी गई 27 मांगों पर मुख्यमंत्री ने गहनता से विचार विमर्श किया और उन्हें पूरा करने के लिए विभागानुसार आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार मजदूर और कर्मचारी वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समय.समय पर मजदूर और कर्मचारी वर्ग द्वारा उठाई जाने वाली मांगों पर विचार करके प्रदेश हित में फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आने वाली 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन करने की घोषणा भी की। बैठक के दौरान मजदूर संघ की मांगों पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब तक किसी पद पर



स्थाई नियुक्त नहीं हो जातीए उस पद पर कार्यरत अनुबंधित कर्मचारी को नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रथम दायित्व जनता को बेहतर से बेहतर सेवा प्रदान करना है। इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पैक्स कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए पैक्स नियम में संशोधन की आवश्यकता हैए इस संबंध में उन्होंने विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पैक्स से जुड़ा जो भी कर्मचारी बैंकिंग आप्रेशन में आना चाहता हैए उन्हें टेस्ट देना होगा। इस टेस्ट को देने की कोई सीमा नहीं होगीए कर्मचारी जब भी टेस्ट पास कर लेगाए वह बैंकिंग आप्रेशन में कार्य कर सकता है। शुगर मिल कर्मचारियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को मजदूर संघ के साथ बैठक करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने चारों बिजली निगम को निर्देश दिए हैं कि वे अनुबंधित कर्मचारियों को भी सुरक्षा उपकरण मुहैया करवाए।

उन्होंने इसे निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। एड्स कंट्रोल सोसायटी के बाईलाज बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह सोसाइटी केंद्र सरकार के अंतर्गत आती है इनके बाईलाज हरियाणा सरकार नहीं बना सकती। मुख्यमंत्री ने एनएचएम की वेतन विसंगति की मांग पर भी विभाग को गहनता से स्टडी करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भवन निर्माण के श्रमिकों के पंजीकरण और नवीनीकरण को सरल किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को अब ऑनलाइन कर दिया गया है। इसके लिए हेल्पडेस्क स्थापित किया गया हैए कोई निरक्षर व्यक्ति भी इसे आसानी से भरवा सकता है। इसकी वैरिफिकेशन का कार्य भी ऑनलाइन किया गया है।

# लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक

( दिनांक 12.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को यमुनानगर के लोहगढ़ में बनाये जा रहे संग्रहालय तथा मार्शल आर्ट्स स्कूल के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संग्रहालय में बाबा बंदा सिंह बहादुर के जन्म से लेकर अंतिम दौर तक संपूर्ण जीवन का सार दिखाया जाना चाहिएए ताकि युवा पीढ़ी इस गौरवशाली इतिहास को जान कर उनके जीवन से प्रेरित हो सकेंगे।



कि महान बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़ को ऐतिहासिक व पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना उन्होंने कहा कि लोहगढ़ से आदीबद्री तक सड़क का चौड़ाकरण और सुधारीकरण किया जाए ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को आवागमन सुगम

# साप्ताहिक सूचना पत्र




हो सके। मार्शल आट्र्स स्कूल में भारत के विभिन्न कोनों के परंपरागत मार्शल आट्र्स जैसे गतखाए थांग.ताए कलारीपयट्टू इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाए। इसके अलावाए योग व मलखंभ को भी शामिल किया जाए। एक व्यक्ति संपूर्ण रूप से योद्ध तब ही बनता है जब वह शारीरिक मजबूती के अलावा योग साधना में भी निपुण हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोहगढ़ के साथ दृसाथ राज्य सरकार आदिबद्री को भी पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर रही है। आदिबद्री में डैमए बैराज बनाया जा रहा हैए इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ एमओयू हो चुका है। आदिबद्री का सरस्वती नदी के साथ संबंध होने के नाते यहां भी ऐतिहासिक महत्व है।

इसलिए भविष्य में लोहगढ़ से लेकर आदिबद्री का क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान बनेगा। राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर भारत के मुगल शासकों के खिलाफ युद्ध छेडऩे वाले पहले सिक्ख सैन्य प्रमुख थे। जिन्होंने सिक्खों के राज्य का विस्तार भी किया। उनका जीवन प्रेरणादायी रहा है।

# जेईई एडवांस्ड 2022 पास करने वाले सुपर 100 के छात्रों को बधाई

( दिनांक 12.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से शुरू किया गया सुपर. 100 कार्यक्रम ना केवल होनहार छात्रों को अपने सपनों को हासिल करने में मदद कर रहा है बल्कि उनके जैसे योग्य छात्रों में आशा की एक किरण भी जगी है कि वे भी अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

जेईई एडवांस्ड 2022 के रविवार को जारी हुए परिणाम में हरियाणा सरकार के ष्सुपर 100 कार्यक्रमष् के तहत सरकारी स्कूलों के 41 छात्रों ने सफलता हासिल की है। ये छात्र परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब आईआईटी जैसे संस्थानों में अपना भविष्य गढ़ेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने इन सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सुपर 100 कार्यक्रम ने



साबित कर दिखाया है कि अगर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले होनहार छात्रों को सही गाइडेंस मिले तो वे बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

# किसानों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

( दिनांक 12.09.2022)



**प्रभाव :** किसानों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री जी ने किसानों के प्रतिनिधिमंडल को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह से किसानों के हितों के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री जी ने बैठक में किसानों को कहा कि फसली मुआवजे की बात हो या फिर एमएसपी फसल खरीद कीए सरकार ने हमेशा किसानों के हितों की पैरवी की है।

देह शामलात भूमि के मामले में कानून के दायरे में रहकर समाधान निकाला जाएगा। सरकार किसानों के हितों की रक्षा करते हुए किसी भी किसान का अहित नहीं होने देगी ।

मुख्यमंत्री जी ने किसानों नेताओं का सरकार ने पक्ष सुना है और एक.एक मुद्दे को हल किया जाएगा। नारायणगढ़ चीनी मिल के मामले में पहले किसानों का पिछले बकाये का भुगतान किया जाएगा। जल भराव से हुए फसली नुकसान के मुआवजे के लिए भी सरकार का रुख सकारात्मक है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

( दिनांक 13.09.2022)

**प्रभाव :** प्रदेश में लागू केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य में कोई भी व्यक्ति बिना घर के नहीं होना चाहिए। गरीब से गरीब व्यक्ति के सिर पर छत मुहैया करवाना हमारा प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीणए प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना शहरी व ग्रामीणए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजनाएअटल पेंशन योजनाए किसान क्रेडिट कार्ड योजनाए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनाए डायरेक्ट बैनीफिट ट्रांसफर योजनाए प्रधानमंत्री गति शक्ति योजनाए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, वन डिस्ट्रिक्ट वन.प्रोडक्ट योजना के अलावा अमृत सरोवर योजना की भी समीक्षा की और आवश्यकता अनुसार कदम उठाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को कहा कि जिनके



पास न घर हैए न जमीन हैए ऐसे लोगों को छत मुहैया करवाने में वरियता दी जाए। उन्होंने कहा कि मुझे इन गरीब लोगों की चिंता हैए इन सभी को घर देने के लिए कोई प्लान बनाओ और पैसे की वजह से घर बनाने का काम नहीं रूकना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि वे मासिक लक्ष्य निर्धारित करें और उक्त योजना के तहत सौ फीसदी सर्वे का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि एक गांव से दूसरे गांव को जोडऩे वाली सभी सडक़ों को पूरा किया जाए और केंद्र सरकार द्वारा दिए गए टारगेट को समय से पूरा करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत एक मैकेनिज्म बनाने के निर्देश दिए ताकि हर लाभपात्र को इसका फायदा मिल सके।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी को बताया गया कि हरियाणा की डीबीटी योजना



पूरे देश में अव्वल है। इसमें 150 योजनाओं को डीबीटी व आधार से लिंक किया गया है। इन योजनाओं में 94 योजनाएं राज्य की तथा 56 योजनाएं केंद्र सरकार की शामिल हैं। मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत किए जा रहे कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## रोहतक में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

( दिनांक 15.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी के रोहतक प्रवास के दौरान रोहतक के जिला विकास भवन में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने एक बुजुर्ग महिला को अपनी जेब से पेंशन के 2500 रुपये दिए और अधिकारियों को तत्काल उनकी पेंशन शुरू करने के आदेश दिए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रदेशभर में जिन भी बुजुर्गों की पेंशन परिवार पहचान पत्र ;पीपीपीद्ध की वेरिफिकेशन की वजह से कटी हैए उस पेंशन को तत्काल ठीक करके बहाल किया जाए।



मुख्यमंत्री जी कार्यक्रम में आम जन की समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रोहतक में 160 लोगों की पेंशन कटी थी। इनमें से 70 की पेंशन दोबारा शुरू हो गई हैए वहीं बाकि लोगों की पेंशन शाम तक शुरू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ व सुविधा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी वजह से परिवार पहचान पत्र की शुरूआत की गई है। आज पीपीपी के माध्यम से सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति के पास पहुंच रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्वसंध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

( दिनांक 16.09.2022)

**प्रभाव :** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन की पूर्वसंध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश में प्रथम बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने चरितार्थ कर दिखाया है कि सत्ता के माध्यम से श्रेष्ठ जनसेवा की जा सकती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को प्रेरणीय व अनुकरणीय बताते हुए कहा कि प्रथम बार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति की छवि परिवर्तित कर दिखलाई है। आज राजनीति में सेवा व कर्तव्यपराणता के भाव का विस्तार हुआ है। भारत लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है और वह दिन दूर नहीं जब भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा।

मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा प्रदेश को उत्कृष्टता की भूमिश् बताते हुए कहा कि निवेशकों व उद्यमियों के लिए आज हरियाणा प्रदेश सर्वाधिक प्राथमिकता वाला राज्य बन चुका है।

हरियाणा राज्य ने कृषिए खेल व शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट उन्नति की है। पूरे देश में हरियाणा राज्य में सर्वाधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं क्रियान्वित हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदयश् के दर्शन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के उत्थान व कल्याण की दिशा में हरियाणा में अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के श्डिजीटल इंडिया के सपने का कार्यरूप देते हुए हरियाणा में डीजीटलीकरण व कंप्यूटरीकरण को व्यापक स्तर पर विस्तार दिया गया है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती पर चिंतन

( दिनांक 16.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के गुरुकुल में प्राकृतिक खेती के मॉडल पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल जी से विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने प्राकृतिक खेती के मॉडल को जन.जन तक पहुंचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा शोध करने और इसके विस्तार को लेकर बातचीत की।

गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि आज खेती में रसायनिक खाद व कीटनाशक का प्रयोग ज्यादा हो रहा है। इससे जमीन की ऊपजाऊ शक्ति कम हो रही है।

आज हमें प्राकृतिक खेती अपनाने की जरुरत है। इससे किसान की लागत भी शून्य हो जाएगी और पानी का संरक्षण होता है। देशी गाय पर आधारित प्राकृतिक खेती से गाय का भी संरक्षण




होता है। इससे पर्यावरण संरक्षण होता है और इससे बना भोजन शुद्ध होता है। किसान की आय बढ़ती है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि भारत का किसान समृद्ध हो और खुशहाल हो। इसलिए हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जरुरत है।

# 'कनाडा की संसद में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन

( दिनांक 17.09.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से कनाडा की राजधानी ओटावा में संसद भवन में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी का संदेश संसद भवन में चलाया गया। वहीं इस मौके पर पवित्र ग्रंथ भगवत गीता को कनाडा की संसद के पुस्तकालय में स्थापित भी किया गया।

इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वर्तमान समय में भगवत गीता की प्रासंगिकता और भी ज़्यादा बढ़ गई है। हर व्यक्ति को गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता का संदेश हर काल के लिए प्रासंगिक है और यह हज़ारों साल से मानव को प्रेरणा देता रहा है। उन्होंने कहा कि हमें गीता का संदेश दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

समारोह में कनाडा के प्रधानमंत्री श्री जस्टिन ट्रूडो का संदेश भी पढ़ा गया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव महोत्सव के मौके पर पार्लियामेंट हिल में सभी का स्वागत किया। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन कनाडाई लोगों को एक साथ लाते हैं और उन्हें अपनी विविधता का जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवद गीता में निहित शांतिए सद्भाव और भाईचारे का संदेश सार्वभौमिक है। उन्होंने इस विशेष दिन का हिस्सा बनने के लिए वहां उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में चिन्मय मिशन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और गीता श्लोक पाठ किया गया। वहीं शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

( दिनांक 17.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने शनिवार को गुरुग्राम में समरस हिंदु मंच द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर के अवसर पर बोलते हुए घोषणा की कि हरियाणा में थैलेसीमिया से ग्रस्त व्यक्तियों को 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे तथा इनके स्वास्थ्य जांच के लिए आवश्यक मैडिकल टेस्ट भी फ्री होंगे। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने इस मौके पर थैलेसीमिया से पीड़ित 125 बच्चों को नगर निगम गुरुग्राम की ओर से एक साल के लिए रक्तजांच व एमआरआई इत्यादि बिल्कुल मुफ्त करवाने से संबंधित कार्ड भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी हैए जिसमें एक अवधि के बाद व्यक्ति का खून बदलना पड़ता है और इसका ईलाज महंगा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गरीबों को ईलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए लागू की गई आयुष्मान भारत योजना केंद्र और राज्य सरकार की मिली जुली योजना है।

केंद्र सरकार के मापदण्डों के अनुसार हरियाणा में साढ़े 15 लाख परिवार इस योजना में कवर हो रहे थेए लेकिन राज्य सरकार ने इस योजना का दायरा बढ़ायाए जिसके कारण अब हरियाणा के 22 लाख परिवार इस योजना के दायरे में आ गए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समरस हिंदु मंच ने आज प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर लगाकर 1100 युनिट एकत्रित करने का संकल्प लिया

है। उन्होंने रक्तदान को पुण्य का कार्य बताते हुए कहा कि दान किए गए रक्त की पूर्ति व्यक्ति के शरीर में महीने भर में हो जाती है। कई रक्तदाता तो तीन महीने में रक्तदान करते रहते हैं। रक्तदान करने वाला व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को जीवनदान देता है और यही मानवता है।



# गुरुग्राम में भगवान विश्वकर्मा दिवस के कार्यक्रम का आयोजन

( दिनांक 17.09.2022)

**प्रभाव :** आज गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजकीय श्रमिक दिवस समारोह में मुख्यमंत्री जी ने श्रमिकों के कल्याणार्थ कई घोषणाएं की। उन्होंने 60 लाख से ज्यादा श्रमिक परिवारों के लिए मुख्यमंत्री परिवार स्वास्थ्य परीक्षण योजना की घोषणा की। इसके तहत ईएनटीए ब्लडए शुगरए ईसीजी आदि टेस्ट साल में एक बार निशुल्क होंगे। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में 200 श्रम योगी क्लिनिक खोलने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एडवांस लाइफ स्पोर्ट सुविधा युक्त 100 एम्बुलेंस प्रदेश में उपलब्ध होंगी। वहीं सामान्य स्वास्थ्य जांच के लिए 44 मोबाइल मेडिकल वैन चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में लोन लेने के लिए



# साप्ताहिक सूचना पत्र



श्रमिक परिवारों की अब गारंटी देने की जरूरत नहीं होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कार्य स्थल पर असंगठित क्षेत्र के श्रमिक की मृत्यु पर ढाई लाख रुपए की सहायता को बढ़ाकर 4 लाख करने की घोषणा की। विकलांता पर मिलने वाली सहायता को भी बढ़ाया गया है।

विकलांता में हर प्रकार की सहायता को दोगुना किया गया है। वहीं विकलांग बच्चों की सहायता को ढाई हजार प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपए किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि हर थैलेसीमिया के मरीजों की मदद करते हुए उन्हें 2500 रुपए मासिक धनराशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय आहार योजना के तहत राज्य में श्रमिकों के लिए 100 कैंटीन खोली जाएंगी। इनमें 10 रुपए में श्रमिकों को भरपेट खाना मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कौशल विकास की दिशा में एक और ठोस कदम उठाते हुए जिला पलवल के दुधौला में भगवान श्री विश्वकर्मा के नाम पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि ईएसआई व स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के बीच समझौता हुआ जिससे अब दोनों विभागों के 'अस्पतालों में

# साप्ताहिक सूचना पत्र

श्रमिकों व सामान्य जनों को इलाज की सुविधा मिली है'।

इस अवसर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री जी ने भगवान विश्वकर्मा को कोटि. कोटि नमन करते हुए सभी कोए विशेषकर शिल्पियोंए कारीगरों तथा तकनीशियनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बड़ा ही सुखद संयोग है कि आज हमारे कर्मयोगी एवं ओजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मदिन है। उन्हें आधुनिकए विकसित और आत्मनिर्भर भारत का शिल्पी कहा जाए तो कुछ भी गलत नहीं होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की अढ़ाई करोड़ जनता की ओर से तथा अपनी ओर से प्रधानमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत को विश्व का षिशिल्प गुरुष् भी माना जाता रहा है। राष्ट्र को यह गौरव दिलाने का श्रेय विश्वकर्मा समाज को ही जाता है। विश्वकर्माओं की अद्वितीय शिल्प कला का अद्भुत चमत्कार एलोरा की गुफाओं में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में श्रमिकों के कल्याण व उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

समारोह में राज्य की प्रगति में योगदान के लिए 20 श्रमिकों और 15 उद्यमियों को सम्मानित किया गया है। श्रम रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वाले एक श्रमिक को 2 लाख रुपयेए श्रम भूषण पुरस्कार प्राप्त करने वाले एक श्रमिक को 1 लाख रुपयेए हरियाणा श्रम वीर तथा श्रम वीरांगना पुरस्कार प्राप्त करने वाले 18 श्रमिकों को 51.51 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये गये। वहीं श्रमिकों के कल्याण व उनकी बेहतरी के लिए उद्यमियों को हरियाणा राज्य सुरक्षाए कल्याण और स्वास्थ्य पुरस्कारों से नवाजा गया। मुख्यमंत्री जी ने राजकीय श्रमिक दिवस समारोह में श्रम एवं रोजगार विभाग की योजनाओं पर आधारित 9 पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

# सिरसा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

( दिनांक 18.09.2022)




**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने अपने सिरसा प्रवास के दौरान जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान जब 9 किले जमीन की मालकिन एक महिला पेंशन बनवाने की फरियाद लेकर पहुंची तो मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सिर्फ पात्र व्यक्ति को पेंशन का लाभ मिलेगा। जो व्यक्ति पात्र नहीं है, उसे यह लाभ नहीं दिया जाएगा। उन्होंने महिला को कहा कि वह 9 किले जमीन की मालकिन है और ढाई लाख रुपये सालाना उसकी इनकम है, ऐसे में उसकी बुढ़ापा पेंशन नहीं बन सकती। महिला ने जब मुख्यमंत्री को अपनी तीन बेटियों के बारे में बताया तो मुख्यमंत्री ने तत्काल महिला को 1 लाख रुपये अपने एच्छिक कोटे से देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिला की पेंशन इसलिए नहीं बन सकती क्योंकि इसमें 5 किले जमीन तक की अनिवार्यता है। 1 लाख रुपये की सहायता सहायता उसकी बेटियों को ध्यान में रखकर जरुर दी गई है।

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान 227

शिकायतों को सुनकर उनका निवारण किया। एक समस्या सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के



पास मकान नहीं है, उनके सिर पर छत देना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए हाउसिंग फॉर आल विभाग सर्वे कर रहा है। सर्वे के बाद ऐसे लोगों को मकान दिया जाएगा। सरकार करीब 1 लाख मकान देने की योजना पर कार्य कर रही है।

एक शिकायत सुनते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार ने गांव के लिए ग्राम दर्शन पोर्टल और शहरों के लिए नगर दर्शन पोर्टल बनाया है। गांव और शहर के लोग अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को इन पोर्टल पर डाल सकते हैं। इससे सड़क, नाली, तालाब, पानी आदि की मांग डाली जा सकती है। ग्रामीणों द्वारा डाली गई मांग विभाग के पास पहुंच जाती है और विभाग प्राथमिकता के आधार पर संबंधित मांगों को पूरा कर रहा है।

टेल तक पानी  शिकायत सुनते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेत की आखिरी टेल तक पानी पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कुछ जगहों पर पानी की चोरी करने की शिकायतें आ रही हैं। ऐसे लोगों पर विभाग द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। विभाग ऐसा करने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करवाए। कुछ लोग बीच में पानी की चोरी कर लेते हैं, इससे आखिरी टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता। मुख्यमंत्री ने किसानों को फव्वारा विधि से सिंचाई करने के लिए भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज धरती पर पानी सीमित मात्रा

में है। हमें इसे सहीं तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए, जिन भी इलाकों में पानी की कमी है, उन इलाकों में किसानों द्वारा फव्वारा विधि अपनाकर सिंचाई करनी चाहिए। सरकार इस संबंध में 85 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है।

एक शिकायत सुनते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जहां–जहां पर अवैध कब्जे हैं, उन्हें जिला प्रशासन तत्काल खाली करवाए। अवैध कब्जों की जमीन पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। प्रदेश में कहीं भी अवैध कब्जा नहीं रहने दिया जाएगा। जहां अवैध कब्जा है, उन्हें नोटिस देकर तत्काल खाली करवाया जाए।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि ग्रुप–सी के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट 3 व 4 नवंबर को होगा। इसके बाद ग्रुप–सी के लिए दूसरे लेवल का टेस्ट आयोजित होगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के 1.8 करोड़ रुपये की लागत से पुनरूनिर्मित



फैकल्टी हाउस का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के साथ इस भवन में बने विभिन्न कमरों का दौरा किया।

विश्वविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देने के साथ–साथ गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहल की जा रही है। नवनिर्मित फैकल्टी हाउस में सीएम स्यूट, ड्राइंग रूम, वीआईपी डाइनिंग हॉल आदि का निर्माण भी किया गया है।

# सिरसा में श्री अरोड़वंश सेवा सदन का शिलान्यास

( दिनांक 18.09.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने सिरसा में श्री अरोड़वंश सेवा सदन का शिलान्यास करने उपरांत जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अरोड़वंश समाज के पूर्वजों का आभारी हूं जो उन्होंने आरक्षण न लेकर पुरुषार्थ के रास्ते को अपनाया। इस रास्ते पर चलकर उन्होंने मेहनत की और देश की तरक्की में अहम योगदान निभाया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज का अवसर समाज के उस वर्ग को याद करने का दिन है, जो स्वाभिमान और संघर्षशील भाव से काम करने वाला है। इस समाज ने देश के विभाजन के समय अपना सब कुछ खो दिया था और इसके बावजूद भारत में आने के बाद खेती, व्यापार, नौकरी व अन्य क्षेत्रों में मेहनत कर अपनी पहचान बनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी विभाजन की पीड़ा को समझा और हर वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इससे युवा पीढ़ी को विभाजन की पीड़ा को समझने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने अखंड



# साप्ताहिक सूचना पत्र

भारत को आजाद करवाने का लक्ष्य लिया था लेकिन 14 अगस्त को विभाजन की वेदना झेली थी और 15 अगस्त को देश की आजादी की प्रसन्नता भी थी। इस दोहरे घटनाक्रम का साक्षी अरोड़वंश समाज बना था। यह विभाजन की पीड़ा हमें अपने बुजुर्गों से सुनने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यह समाज सब गंवाने के बाद भी पैरों पर खड़ा हुआ और अच्छे–अच्छे स्थानों पर पहुंचा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मैं अरोड़वंश समाज के पूर्वजों का आभारी हूं, जो उन्होंने आरक्षण न लेकर पुरुषार्थ का रास्ता अपनाया। आज इस समाज ने बहुत तरक्की की और ख्याति प्राप्त की। विज्ञान, व्यवसाय, नौकरी, व्यापारा, शिक्षा हर क्षेत्र में लोग आगे बढ़े हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अग्रवंश और अरोड़वंश समाज का भाईचारा ऐसे ही बना रहे। क्योंकि अरोड़वंश सेवा सदन का यह भवन अग्रवाल सेवा सदन के साथ बन रहा है। यह भाईचारा आगे की



पीढ़ी के लिए जरुरी है। उन्होंने कहा कि अरोड़वंश समाज का यह भवन जहां बनाया जा रहा है, उसकी जमीन अलॉट में कई तरह की बाधाएं थी। इन्हें दूर करके समाज के काम को पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने सिरसा की जनता को बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने अरोड़वंश सेवा सदन और अग्रवाल सेवा सदन दोनों भवनों के लिए 21–21 लाख रुपये देने की घोषणा की है।